आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने वस्तु और सेवा कर की नयी दरों को देखते हुए संशोधित परामर्श जारी किए हैं।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ संशोधन—पूर्व गतिविधियों पर चर्चा के लिए बैठक का आयोजन किया गया।
- मत्स्य पालन विभाग की ओर से 'जीवन रक्षक, अग्निशमन और नौवहन उपकरणों की खरीद हेतु सहायता' योजना का कियान्वयन किया जा रहा है।
- द्वीपसमूह में आज एकाध स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी ।

<><><><><><><>

उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने वस्तु और सेवा कर की नयी दरों को देखते हुए संशोधित परामर्श जारी किए हैं। नई जी.एस.टी. दरें सोमवार से लागू हो रही हैं। परामर्श के अनुसार, विनिर्माताओं, पैकर्स और आयातक 22 सितम्बर से पहले विनिर्मित और बिना बिके पैकेज पर संशोधित मूल्य का स्टिकर लगा सकते हैं, लेकिन पैकेज पर पहले से छपा अधिकतम खुदरा मूल्य स्पष्ट दिखना चाहिए। मंत्रालय ने परामर्श में जी.एस.टी. संशोधन लागू होने से पहले की पैकेजिंग सामग्री या रैपर के, अगले वर्ष मार्च तक या पुराना स्टॉक खत्म होने तक, उपयोग की अनुमति दी है। परामर्श में यह भी कहा गया है कि कम्पनियां नया स्टिकर लगाकर या पैकेज के किसी उपयुक्त स्थान पर प्रिंट कर अधिकतम खुदरा मूल्य सही कर सकते हैं। सरकार ने डीलरों, खुदरा विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को संशोधित जी.एस.टी. दरों के बारे में सूचित करने के लिए विनिर्माताओं, पैकर्स और आयातकों को समुचित उपाय करने को कहा है। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया सहित सभी सम्भव संचार माध्यमों का उपयोग किया जा सकता है। मंत्रालय के अनुसार, इस कदम से व्यापार सुगमता और उपभोक्ताओं का हित संरक्षित करने के प्रयासों में संतुलन बनेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित होगा कि उद्योगों पर अनुपालन का अधिक बोझ न पड़े और जी.एस.टी. दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। 3 सितम्बर को जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए

कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की थी। नई दरें 22 सितंबर से लागू होंगी। आज हम कमर्शियल मालवाहक वाहनों की बात कर रहे हैं।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. कुमार की अध्यक्षता में कल मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आगामी संशोधन के मद्देनजर संशोधन–पूर्व गतिविधियों पर चर्चा के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से प्रतिभागियों को 2002 में हुए अंतिम विशेष संशोधन की योग्यता तिथि, वर्तमान मतदाता आँकड़े, मतदान केंद्रों का विवरण, गणना प्रपत्र, मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले सांकेतिक ग्यारह दस्तावेजों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 2002 की मतदाता सूची सीईओ कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इसके अलावा खोज सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे मतदाता सूची में अपना पार्ट नम्बर और क्रम संख्या देख सकते हैं। सीईओ ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अंडमान निकोबार द्वीपसमूह संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए बूथ स्तरीय एजेंटों की नियुक्ति सुनिश्चित करने और बीएलए पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान बूथ स्तरीय अधिकारियों की सहायता करने का अनुरोध किया।

<><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग, की ओर से 'जीवन रक्षक उपकरणों, अग्निशमन उपकरणों, नौवहन उपकरणों की खरीद हेतु सहायता' योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस संबंध में, द्वीपसमूह के नगरपालिका एवं जनजातीय मत्स्य पालन क्षेत्रों में रहने वाले मछुआरों और जनजातियों, जिनके पास दो वर्षों का वैध मछली पकड़ने का लाइसेंस है, उनसे आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत सामान्य मछुआरों के लिए 50 प्रतिशत और जनजातीय मछुआरों के लिए 75 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। आवेदन पत्र और सब्सिडी के बारे में विस्तृत दिशानिर्देश मत्स्य निदेशालय, क्षेत्रीय मत्स्य पालन कार्यालयों या निकटतम मत्स्य उप–केन्द्रों से प्राप्त किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन फार्म 30 सितम्बर तक निकटतम मत्स्य क्षेत्रीय कार्यालय या मत्स्य उप–केन्द्रों पर जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

भारत सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना –शहरी 2.0 के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए 'अंगीकार–2025 अभियान' शुरू किया। इस अभियान के तहत, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर

से 27 सितंबर तक डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सभागार में प्रधानमंत्री आवास मेला – शहरी का आयोजन किया जा रहा है। मेले के दौरान नागरिकों को आवास योजना की जानकारी प्रदान की जा रही है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आज एकाध स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। अगले दो दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के अधिकांश भागों में भारी वर्षा होगी। इस दौरान तेज हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से रहेगी, जिसके बढ़कर 55 किलोमीटर तक होने की संभावना है। समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को 22 सितम्बर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर कल आयुष अस्पताल के सम्मेलन कक्ष में 'आयुष के माध्यम से स्वास्थ्य एवं पोषण' विषय पर एक अंतर–महाविद्यालयीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 42 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने समग्र स्वास्थ्य एवं पोषण को बढ़ावा देने में आयुष की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><><>

हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत कल प्रशासन के विभिन्न विभागों और कार्यालयों के मल्टी–टास्किंग कर्मचारियों के लिए राजभाषा विभाग के हिंदी टंकण प्रशिक्षण केंद्र में हिंदी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में, आज सुबह 10 बजे टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में प्रशासन के कर्मचारियों और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य कार्यालयों के लिए हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के डॉलीगंज, भातूबस्ती और रंगाचांग स्कूल मैदान में फुटबॉल के लिए एक गैर–आवासीय कोचिंग कक्षा का संचालन किया जा रहा है। इस निःशुल्क कोचिंग कक्षा में 8 से 17 वर्ष आयु वर्ग के स्कूली लड़के और लड़कियाँ भाग ले सकते हैं। कोचिंग शिविर का उद्‌घाटन कल शिक्षा एवं खेल निदेशक विक्रम सिंह ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों में भाग लेने को कहा। इसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया।

<><><><><><><>